टोनी अलामो क्रिश्चियन मिनिस्ट्रीज

वर्ल्ड न्यूजलेटर

न्यू यरूशलेम विश्वभर की चर्च

पास्टर टोनी अलामो | दी अलामो क्रिश्चियन नेशन | वॉल्यूम 20100

ईश्वर को उखाड़ फेंकने के तीन असफल प्रयास

टोनी अलामो

क्या आपको यह बात परेशान नहीं करती कि शैतान ने पूरी दुनिया को धोखा दिया है? उसने तीन मौकों पर ईश्वर और ईश्वर का साम्राज्य बदलने का खुला प्रयास किया। उसके दो प्रयास बुरी तरह असफल रहे, तीसरा प्रयास वह इस समय कर रहा है जो जल्द ही असफल हो जाएगा।

शैतान ने ईश्वर को उखाड़ फेंकने का पहला प्रयास ईडन गार्डन में किया, जब शैतान ने ईव से पूछा, "ईश्वर ने क्या कहा है?" उत्पत्ति 3:1-3 में कहा गया है, "प्रभु ईश्वर ने जितने पशु बनाए हैं, उनमें से सर्प [शैतान] धूर्त था। उसने स्त्री से कहा, क्या यह सच है कि ईश्वर ने कहा कि तुम इस वाटिका के किसी भी वृक्ष के फल मत खाना? स्त्री ने [उसे डाँटने अथवा अस्वीकार करने के बजाए] सर्प से कहा हम इस वाटिका के वृक्षों के फल खा सकते हैं।" लेकिन ईश्वर ने, जो वृक्ष वाटिका के बीच में है उसके फल के बारे में कहा, "तुम इसे मत खाना और मत छूना।" जब ईश्वर कहते हैं कि "नहीं तो तुम मर जाओगे" तो वे यह नहीं कहते कि मृत्यु एक संक्षिप्त, सूक्ष्म चीज़ है। उनका तात्पर्य है कि मृत्यु किसी पुरुष या महिला की आत्मा की अनन्त मृत्यु होती है, यह नरक की ज्वाला में अनन्त समय तक जलना होती है, एक अनन्त मृत्यु। इस मामले का तथ्य पुराने और नए टैस्टमैंट पवित्रशास्त्र, दोनों में स्वीकार किया गया है।[1]

पास्टर टोनी और सुसान अलामो और ऑर्केस्ट्रा अपने अंतर्राष्ट्रीय टेलीविजन कार्यक्रम में 1974 में लिया गया फोटो

वह स्त्री और दुनिया की अधिकांश आबादी यह नहीं जान पाती है कि वे शैतान के तर्क को कब स्वीकार कर लेते हैं। आप एक दुःखी अनन्तता स्वीकार कर लेते हैं, एक नरक जो कभी समाप्त नहीं होता, जो अपने शिकार की आत्मा और मस्तिष्क, दोनों पर पागल कर देने वाला प्रभाव डालता है। पीड़ित की पीड़ा का धुआँ युगों-युगों तक उठता रहेगा (प्रकाशितवाक्य 14:9-11)। जो शैतान की पूजा करते हैं (अर्थात् उसकी बात मानते हैं), उसकी एक-दुनिया सरकार और उसकी वर्ल्ड चर्च (कैथोलिक) की पूजा करते हैं उनका हाल ऐसा ही होगा।[2] शैतान ने सर्प का रूप धारण कर, सूक्ष्म बनकर, ईव को धोखा दिया और अब वह पूरी दुनिया को धोखा दे रहा है।[3]

प्रकाशितवाक्य 12:9 में शैतान को बड़ा अजगर कहा गया है। "वही बड़ा अजगर, पुराना साँप जो राक्षस और शैतान कहलाता है, जो सारे संसार को धोखा देता है, [आकाश से] पृथ्वी पर गिरा दिया गया।" शैतान जानता था कि ईव को धोखा देकर, वो पूरी दुनिया की निंदा करेगा।[4] ईव शैतान की पहली इंजीलवादी बनी; वह पहली बकरी थी। शैतान की बकरी बनने के लिए आप यीशु में विश्वास नहीं कर सकते अथवा उसके शिष्य नहीं हो सकते। आप कष्ट भरा मसीह जीवन नहीं जी सकते हैं, बल्कि आप जो चाहते हैं वो करने के लिए स्वतंत्र हैं। आप मसीह के लिए गवाही नहीं दे सकते हैं, बल्कि आप उसकी गवाही देने से मना कर देंगे, उसकी जो दुनिया में पापियों को बचाने के लिए आया।[5]

जब शैतान ने ईव से कहा कि तुम नहीं मरोगी, ईश्वर की तरह बन जाओगी। तुम वो फल खाओ और अपने पति को भी खिलाओ। उसने जैसा कहा ईव ने वैसा किया, अपने पति को ईसाई बना दिया। उनकी आँखें खुल गईं (उत्पत्ति 3:7)। वे जान गए कि वे पापी हैं और उनके साथ धोखा हुआ है। अब दुनिया का राज्य उनकी बजाए शैतान के अधीन था और केवल ईसा मसीह की भावी मृत्यु और उनका पुनर्जीवित होना ही उनमें ईश्वर की बहाली कर सकता था।

मूलत: ईश्वर ने एडम और ईव को सभी प्राणियों से अधिक आशीर्वाद दिया। उन्होंने उन्हें पूरे ब्रह्माण्ड पर, प्रत्येक जीवित प्राणी

(पृष्ठ 2 पर जारी)

1 भजन संहिता 9:17, यशायाह 5:11-15, 33:10-14, 66:24, मत्ती 3:12, 5:29, 7:13, 8:11-12, 10:28, 13:38-42, 47-50, 18:6-9, 22:8-13, 25:31, 41-46, मरकुस 9:42-48, लूका 3:17, 16:19-26, 2 थिस्सलुनीकियों 1:7-9, 2 पतरस 2:1-9, यहूदा 5-7, प्रकाशितवाक्य 14:9-11, 19:20, 20:15, 21:8, 27 **2** प्रकाशितवाक्य 13:1-8, 14:8-11, 17:1-15, 18:1-8 **3** उत्पत्ति 3:1-6, यशायाह 14:9-17, मत्ती 24:11-12, 24, 2 कुरिन्थियों 4:3-4, 11:13-15, 2 थिस्सलुनीकियों 2:3-12, 2 टिमोथी 3:13, प्रकाशितवाक्य 13:1-8, 11-18, 16:13-14, 17:1-2, 8, 18:2-3, 23 17:8, 19:19-21, 20:1-3, 7-10 **4** रोमियों 5:12-21, 1 कुरिन्थियों 15:20-22 **5** मत्ती 20:28, 26:28, युहन्ना 1:29, 3:14-17, 6:51, 10:11-18, 11:49-52, प्रेरितों के काम 5:30-31, 20:28, 26:23, रोमियों 5:6-11, 1 कुरिन्थियों 15:3-4, गलतियों 1:3-4, 2:20, 4:4-5, इफिसियों 5:2, 1 थिस्सलुनीकियों 1:10, 5:9-10, 1 टिमोथी 2:5-6, तीतुस 2:13-14, इब्रानियों 2:9-10

ईश्वर को उखाड़ फेंकने के तीन असफल प्रयास

(पृष्ठ 1 से जारी)

पर अधिकार प्रदान किया। उत्पत्ति 1:28 में बताया गया है कि ईश्वर ने उनसे कहा, "फलो-फूलो और पृथ्वी में भर जाओ, उन्हें अपने वश में कर लो: समुद्र की मछलियों, आकाश के पक्षियों और पृथ्वी पर रेंगने वाले सभी जन्तुओं पर अधिकार रखो।" एडम और ईव इस दुनिया और इसकी हर चीज़ के प्रभारी थे। जब शैतान ने उन्हें धोखा दिया तो पूरी दुनिया उस राक्षस के पापी शासन के अधीन आ गई, इस तरह ईश्वर ने दुनिया को छुटकारा दिलाने के लिए दुनिया में इंसान के रूप में अवतरित होने की योजना बनाई।[6] ईश्वर मनुष्य का पुत्र बन गया। उसने हमारे लिए स्वयं को नकार दिया, यहाँ तक कि वे मरने के लिए क्रूस पर लटक गए। बाद में वे पुनर्जीवित हुए और स्वर्ग चले गए।[7]

युहन्ना 3:16 में कहा गया है, "ईश्वर ने जगत से इतना प्रेम किया कि उसने अपना प्रजात पुत्र उसे दे दिया, ताकि जो कोई उस पर विश्वास रखेगा [न कि शैतान अथवा किसी और पर] उसका नाश नहीं होगा, बल्कि उसे अनन्त जीवन मिलेगा।" अनन्त जीवन पाना केवल तभी संभव है यदि यीशु, जो कि ईश्वर है, मार्ग है, सत्य और जीवन है, आपमें आपके जीवन की तरह जीता रहे (युहन्ना 14:6)।[8] आप केवल पापी की प्रार्थना कर अनन्त जीवन नहीं पा सकते। आपको शिष्य बनना होगा। प्रभु हमें अपना क्रूस लेने और उसका अनुसरण करने का आदेश देते हैं (लूका 9:23-25)।[9] अनन्त जीवन पाने के लिए, हम कभी भी क्रूस से नहीं उतर सकते।[10] दूसरे शब्दों में हम अब पाप नहीं कर सकते।

शैतान हारा हुआ दुश्मन है।[11] पहले तो ऐसा प्रतीत होता है कि दुनिया पर हमेशा के लिए शैतान का आधिपत्य है। लेकिन आज, यदि हम यीशु मसीह की आज्ञा मानें और शैतान का त्याग कर दें तो उसकी एकदुनिया सरकार, और वेटिकन के नेतृत्व में चल रही उसकी शैतानी कल्ट चर्च, यीशु मसीह के आधिपत्य में हमारी होगी।[12]

ईश्वर और स्वर्ग से उसका साम्राज्य उखाड़ फेंकने का मनुष्य का दूसरा प्रयास बाबुल में किया गया। नि:संदेह यह विफल रहा। उत्पत्ति 11:1-9 में रिकार्ड है, "पूरी पृथ्वी पर एक ही भाषा और बोली थी। उस समय लोग पूर्व की ओर चलते-चलते शिनार देश में एक मैदान देखकर उसमें बस गए। तब वे एक-दूसरे से कहने लगे कि आओ हम ईंटें बनाते हैं और उन्हें आग में अच्छी तरह पकाते हैं। उन्होंने पत्थर की जगह ईंट और चूने की जगह मिट्टी-गारे से काम लिया। उन्होंने कहा आओ हम एक नगर और एक मीनार बनाएँ, जिसकी चोटी स्वर्ग तक पहुँचे। इस तरह हम अपना नाम करें ऐसा न हो कि हमें सारी पृथ्वी पर फैलना पड़े। प्रभु इंसान के बच्चों द्वारा बनाए गए नगर और मीनार देखने के लिए उतर आए।

"प्रभु ने कहा, मैं क्या देख रहा हूँ कि सभी लोग एक ही समूह के हैं, उन सभी की भाषा भी एक ही है, उन्होंने ऐसा काम भी शुरु किया है: उन्होंने जो कुछ करने की योजना बनाई थी उसे करने से उन्हें कोई नहीं रोक पाएगा। इसलिए आओ हम उतर कर उनकी भाषा में बड़ी गड़बड़ी डाल दें ताकि वे एक-दूसरे की बोली न समझ सकें [जिस प्रकार आज डेमोक्रेट और रिपब्लिकन एक-दूसरे को नहीं समझते, इस वजह से कुछ भी सार्थक नहीं हो रहा]। इस प्रकार प्रभु ने उन्हें वहाँ से पूरी पृथ्वी पर फैला दिया: उन्होंने उस नगर को बनाने का काम छोड़ दिया। इस वजह से उस नगर का नाम बाबुल पड़ा; क्योंकि पूरी पृथ्वी की भाषा में जो गड़बड़ी है वह प्रभु ने वहीं डाली: वहीं से प्रभु ने मनुष्यों को पूरी पृथ्वी पर फैला दिया।"

ईश्वर और उसका साम्राज्य उखाड़ फेंकने का शैतान का तीसरा और अंतिम प्रयास ठीक इसी क्षण घटित हो रहा है। कुछ लोग झूठ कहते हैं कि जो यूएफओ वे देख रहे हैं वे किसी अन्य ग्रह से आते हैं, लेकिन यह ग़लत है। यूएफओ किसी अन्य ग्रह से नहीं आते; वे स्वर्ग से आते हैं। मैं इसका कारण जानता हूँ क्योंकि जब सूसी और मैं शादी करने के लिए लॉस वेगास जा रहे थे तो देर रात हम लॉस एंजिल्स और लॉस वेगास के बीच हाइवे पर थे। उस समय अंधेरा था जब सूसी ने गाड़ी चलाते हुए मेरा बायाँ हाथ पकड़ा और कहा, "टोनी आओ अब ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि वो यूएफओ दिखाएँ ताकि हम उन्हें देख सकें।" यह बात तो निश्चित है कि दूसरे ग्रह के प्राणी हमारे द्वारा की गई ईश्वर की प्रार्थना नहीं सुन सकते। तत्काल, यूएफओ के स्क्वाड्रन उड़कर सीधे हमारे विंडशील्ड के पास आ गए। वे हमारे इतने पास आए कि मुझे लगा वे हमसे टकरा जाएँगे। ईश्वर ने हमारी प्रार्थना का जवाब तत्काल दे दिया। जब ईश्वर ने तत्काल हमारी प्रार्थना का जवाब दिया तो ईश्वर में और प्रार्थनाओं के उसके उत्तरों में मेरी आस्था और अधिक मज़बूत हो गई।

पहिए-जैसे एयरक्राफ्ट का उल्लेख बाइबल में कई जगह मिलता है।[13] यह ईश्वर के स्वर्गदूतों की रॉयल एयर फोर्स है जो यीशु मसीह के लौटने से पहले पृथ्वी पर मौजूद बुराइयों का सर्वेक्षण कर रही है। ईश्वर इस क्लेश भरे समय में स्वर्गदूतों को भेज रहा है (हम क्लेश में हैं)। स्वर्गदूत जाकर ईश्वर को सूचना देते हैं, उसके बाद ईश्वर पृथ्वी के कुछ दुष्कर्मी क्षेत्रों को नष्ट करने के लिए विनाश करने वाले स्वर्गदूत भेजता है।[14] वह महामारी (जो बीमारियाँ होती हैं), अकाल, बाढ़, भूकम्प, टॉरनेडो और कई अन्य तरीकों से विनाश करता है।

पृथ्वी की जनसंख्या के अच्छे - खासे हिस्से का मानना है कि मनुष्य ईश्वर को मात दे देगा। वे अतीत भूल गए जब ईश्वर ने उनके प्रयास विफल किए। शैतान ने ईव से कहा था कि तुम नहीं मरोगी, बल्कि "तुम ईश्वर बन जाओगी।" लेकिन उसने झूठ बोला था। हम ऐसा इसलिए कह रहे हैं कि हम जानते हैं कि ईव और उनका पति, दोनों मर गए थे। निमरॉड और दुनिया की जनसंख्या अपनी मीनार कभी पूरा नहीं कर पाई, न ही वे स्वर्ग में अपना नगर बना पाए। ऐसा बिल्कुल नहीं हो सका।

इसके अलावा, दुनिया के लोगों को एक ऐसे दूसरे ग्रह पर भेजने के लिए, जिसमें

---

6 युहन्ना 1:4-13, 12:46, रोमियों 5:6-21, गलतियों 4:4-5, इब्रानियों 2:14-18 **7** मत्ती 16:21, 20:17-19, 26:31-57, 28:1-10, 16-20, मरकुस 10:32-34, लूका 9:23, युहन्ना 10:7-18, प्रेरितों के काम 1:1-11, गलतियों 2:20, फिलेमोन 2:5-11, इब्रानियों 12:1-3, 1 युहन्ना 3:16 **8** यहेजकेल 36:27, युहन्ना 14:15-20, 23, 26, 15:3-7, 17:21-23, 26, रोमियों 8:10-11, 12:1-2, 1 कुरिन्थियों 3:9, 16-17, 2 कुरिन्थियों 6:16-18, गलतियों 2:20, इफिसियों 2:10-22, 3:16-21, फिलेमोन 2:13, कुलुस्सियों 1:27-29, 2 टिमोथी 1:14, 1 युहन्ना 3:24, 4:4, प्रकाशितवाक्य 3:19-21 **9** मत्ती 16:24-26, मरकुस 10:17-30, लूका 9:59-62, 14:26-27, 33, युहन्ना 12:24-26, रोमियों 8:1-14, 35-37, 12:1-2, 1 कुरिन्थियों 9:26-27, 2 कुरिन्थियों 5:9-21, 6:1-10, गलतियों 5:16-17, 24, फिलेमोन 3:7-9, कुलुस्सियों 3:5-17, 2 टिमोथी 2:4, तीतुस 2:12, इब्रानियों 11:8-26, 1 पतरस 4:1-2, प्रकाशितवाक्य 12:10-11 **10** मत्ती 10:22, 24:13, प्रेरितों के काम 14:22, रोमियों 11:22, कुलुस्सियों 1:22-23, 1 टिमोथी 4:16, 2 टिमोथी 2:1-3, 3:13-17, 4:5, याकूब 2:17-26, 5:10-11, 1 युहन्ना 2:24-25 **11** यशायाह 14: 9-20, यहेजकेल 28:11-19, युहन्ना 12:31, 2 थिस्सलुनीकियों 2:3-10, इब्रानियों 2:14, 1 युहन्ना 2:13-14, 3:8, 4:4, प्रकाशितवाक्य 1:18, 12:3-4, 9-12, 20:1-3, 7-10 **12** 2 कुरिन्थियों 6:14-18, प्रकाशितवाक्य 18:1-5 **13** भजन संहिता 68:17, यहेजकेल 1:1-24, 3:12-13, अध्याय 10, 11:14-25, दानिय्येल 7:7-9 **14** उत्पत्ति 19:1-25, 2 शमूएल 24:1-17, 2 राजा 19:35, 2 इतिहास 32:19-22, भजन संहिता 78:49, मत्ती 13:41-42, प्रेरितों के काम 12:23, 2 थिस्सलुनीकियों 1:7-9, प्रकाशितवाक्य अध्याय 8, 9:1-5, 13-15, 14:8-11, 15-20, 15:1, अध्याय 16, 18:1-2, 21, 19:17-21, 20:1-3, 21:9

उनके अनुसार पृथ्वी के सारे गुण मौजूद हैं, दुनिया की अधिकतर जनसंख्या ने करोड़ों डॉलर ख़र्च किए और उनका खरबों डॉलर और अधिक ख़र्च करने का इरादा है। लेकिन किसी भी अन्य ग्रह में ऐसे गुण नहीं हैं। छली हुई दुनिया साँस रोककर इस मूर्खता के घटित होने का इंतज़ार कर रही है। उन्होंने एक-दुनिया सरकार और शैतानी चर्च, जिनका नेतृत्व शैतान द्वारा किया जा रहा है, के झूठे मत में विश्वास कर लिया है, जिसके बारे में ईश्वर कहते हैं कि वो इन अंतिम दिनों में पूरी दुनिया को छल लेगा (प्रकाशितवाक्य 12:9)। ईश्वर ने कहा कि शैतान की एक-दुनिया चर्च, जो शैतान की एक-दुनिया सरकार पर नियंत्रण करती है, सात पहाड़ियों के शहर में स्थित होगी (नि:संदेह यह रोम, वेटिकन, संयुक्त राष्ट्र है)।[15] यदि आप नहीं जानते कि वेटिकन वह शहर है, तो आप किसी ट्रेवल एजेंसी के पास जाएँ और सात पहाड़ियों के शहर की टिकट माँगें। वे आपको इटली के शहर रोम के टिकट देंगे। यह रोम ही है जो शैतानी रूप से यू.एन. पर नियंत्रण रखता है, जहाँ एक-दुनिया सरकार है। इसे "द न्यू वर्ल्ड ऑर्डर" और "शैतान की सीट" भी कहा जाता है (प्रकाशितवाक्य 2:13)। ईश्वर के वचन, सात प्लेग वाले स्वर्गदूत और अन्य स्वर्गदूतों के माध्यम से जल्द ही पृथ्वी को (और सभी दुष्ट लोगों को) नष्ट कर देंगे।[16]

प्रकाशितवाक्य 17:1-6, 8 में कहा गया है, "जिन सात स्वर्गदूतों के पास वे सात कटोरे थे [ये कटोरे यूएफओ, जो असल में आईएफओ, पहचानने योग्य उड़ती हुई वस्तुएँ हैं, द्वारा लाए गए अंतिम सात प्लेगों से भरे हैं। हम ईश्वर और उनके वचन जानकर आईएफओ को पहचान सकते हैं। ईश्वर वचन है (युहन्ना 1:1, प्रकाशितवाक्य 19:13)], उनमें से एक ने आकर मुझे कहा [इस स्वर्गदूत ने मुझसे, युहन्ना से बात की] कि इधर आओ, मैं तुम्हें उस बड़ी वेश्या [रोमन कैथोलिक चर्च, वेटिकन] का दंड दिखाऊँगा, जो कई जलों पर बैठी है [पृथ्वी के सभी देश]: जिसके साथ पृथ्वी के राजाओं [सभी सरकार के प्रमुख, और वेटिकन के जज और वेटिकन के अभियोक्ता] ने व्यभिचार [निर्दोषों (ईश्वर के लोग) पर प्रत्येक नीच पाप और उत्पीड़न और मुकदमा], किया और पृथ्वी के निवासी उसके व्यभिचार की मदिरा से मतवाले हो गए थे। [इसका मतलब उससे है जिसे वे राजनैतिक शुद्धता कहते हैं (जैसे एक ही लिंग के लोगों के बीच शादी, होमोसेक्सुअलिटी), सेमेटिक विरोधी, ईसाइयत विरोधी, ख़ून के प्यासे, हत्या, चोरी और प्रत्येक वो चीज़ जो ईश्वर और उसके वचन के प्रतिकूल है।]

"इसलिए वह मुझे [युहन्ना] आत्मा (स्पिरिट) के जंगल [दुनिया] में ले गया: मैंने लाल रंग के पशु पर एक स्त्री को बैठे हुए देखा [वह महिला वेटिकन, एकदुनिया धर्म है, लाल रंग का पशु यू.एन. है, जो वेटिकन का वाहन है। यह वाहन उसे एक जगह से दूसरी जगह ले जाता है ताकि वह अपने कैनन कानून से ईश्वर के कार्यों और लोगों को नष्ट कर सके, वह जो] ईशनिंदा के नामों से भरा है [उदाहरण के लिए, यदि कोई शैतानी व्यक्ति ईश्वर के वचन से आहत होता है, वेटिकन और एक-दुनिया सरकार ने पब्लिक स्कूलों, कोर्टरूम, राजनैतिक कार्यक्षेत्र, स्मारकों और दुनिया के अन्य रणनीतिक स्थानों में ईश्वर का उल्लेख करना एक अपराध बना दिया है। चूंकि रोमन कैथोलिक चर्च में अधिकतर पदानुक्रम समलैंगिक हैं, उन्होंने एक नया नियम बनाया है, कि समलैंगिता विरोधी होना एक घोर पाप (घृणित पाप) है। इस तरह की सोच होने की वजह से आपके अपने मस्तक पर जंगली जानवर का निशान अवश्य होना चाहिए (प्रकाशितवाक्य 14:9-11)। यह बेहद बुराई वाला आध्यात्मिक मामला है] जिसके सात सिर और दस सींग थे [इससे हमें पता चलता है कि एक-दुनिया सरकार कई सरकारों के संगठित होने से बनी है।

(पृष्ठ 4 पर जारी)

15 दानिय्येल 2:40, 7:19-25, प्रकाशितवाक्य 13:1-8, 14:8, अध्याय 17, 18 **16** प्रकाशितवाक्य 8:7-12, 9:1-11, 15, 14:14-20, 16:2-4, 8-12, 17-21

अलामो मिनिस्ट्रीज ऑनलाइन
www.alamoministries.com

कीनिया

अलामो मिनिस्ट्रीज,

हमारे प्रभु यीशु के नाम पर आपको अभिनन्दन। मेरा मानना है कि आप अपनी मिनिस्ट्री में कुशल पूर्वक होंगे। हम आपकी मिनिस्ट्री द्वारा साहित्य भेजे जाने और प्रार्थना किए जाने के लिए उसका धन्यवाद करते हैं। इसका हमारी चर्च और समाज में बहुत स्वागत किया गया। बहुत से लोगों ने अपना जीवन बदलने और यीशु को अपने जीवन का उद्धारकर्ता मानने का निर्णय लिया है। निश्चित रूप से अलामो साहित्य सच्चा संदेश देता है क्योंकि जब हमने यह साहित्य वितरित किया तो कई लोगों ने अपना धर्म परिवर्तन किया। इसका मतलब है कि इसमें प्रभु का आध्यात्मिक संदेश होता है (यह अभिषिक्त है)।

अत: बंधुओ, हमने यह संदेश सभी गांवों और चर्चों में पहुँचाने का निर्णय लिया है क्योंकि जैसा कि आप जानते हैं अफ्रीका में बहुत से लोग अभी भी पारंपरिक संस्कृति का अनुसरण कर रहे हैं। अब तक हमने 20 लोगों को बुलाया, हम लोगों के साथ समझदारी से संवाद स्थापित कर सकते हैं, यह सामग्री वितरित कर सकते हैं। इस तरह हमने सेवाओं को अच्छी तरह से पूरा किया और हम आपसे और सामग्री का इंतज़ार कर रहे हैं।

पास्टर अलामों के मामले के बारे में, मेरा मानना है कि हमारे पास्टर शीघ्र ही जेल से बाहर आएँगे। हम एक टीम के रूप में प्रार्थना कर रहे हैं और व्रत रख रहे हैं। प्रभु हमें भूलेगा नहीं और बाइबल में भजन संहिता 34:18-19 में कहा गया है, "प्रभु टूटे मन वालों के समीप रहता है और दु:खितों का उद्धार करता है। धर्मी पर बहुत सी विपत्तियाँ पड़ती तो हैं, परन्तु प्रभु उन्हें सब से मुक्त कर देता है।" यह लड़ाई हमारी नहीं बल्कि प्रभु की है। फिलिप्पयन 4:4-9 भी पढ़ें।

ईश्वर आपको आशीर्वाद दें।

भवदीय,
पास्टर मोसेस क्रेम्बोई
एँडेबेस, कीनिया

पास्टर मोसेस क्रेम्बोई अपने कुछ भक्तों के साथ एँडेबेस, कीनिया के आस-पास पास्टर अलामो का आत्मा जीतने वाला साहित्य वितरित करते हुए।

ईश्वर को उखाड़ फेंकने के तीन असफल प्रयास

(पृष्ठ 3 से जारी)

वे सभी एक प्रकार से सोचते हैं; जो कुछ शैतान कहता है उसे आंख बंद करके मान लेते हैं (प्रकाशितवाक्य 17:12-15)। जब आप शैतान की कही हर बात मानते हैं तो वह कहता है कि आप देशभक्त हैं। जब आप उसकी प्रत्येक बात नहीं मानते तो वह आपको देशभक्त नहीं मानता है।] ।

"यह स्त्री बैंगनी और लाल रंग के कपड़े पहने थी [ये रोमन कैथोलिक कल्ट के रंग हैं], सोने और बहुमूल्य मणियों और मोतियों से सजी थी [इंटरनल रिवेन्यू सर्विस का अवैध रूप से एकत्रित सारा धन वेटिकन से संबंध रखता है। उनके पास बर्बाद करने के लिए सचमुच खरबों डॉलर हैं।], उसके हाथ में सोने का कटोरा था जो घृणित वस्तुओं और उसके व्यभिचार की अशुद्ध वस्तुओं से भरा था: [वेटिकन, जो शैतान की सीट है, वह दुनिया और पाताल की प्रत्येक पाप की समर्थक है।] उसके माथे पर एक नाम लिखा था, रहस्य, बड़ा बाबुल, पृथ्वी की वेश्याओं और घृणित वस्तुओं की माता ['उसके माथे पर लिखे' वाक्य का अर्थ था कि उसका मन सभी शैतानी बुराइयों में डूबा था।]

"मैंने उस स्त्री को पवित्र लोगों [शैतान का वैटिकन गर्भपात, प्रलय, स्पेनिश न्यायिक जाँच, और कभी भी लड़ी गई हर लड़ाई समेत पृथ्वी पर सभी ख़ून-ख़राबे के लिए जाना जाता है] और यीशु के गवाहों का ख़ून [प्रभु के स्वर्गदूतों ने युहन्ना को बताया] पीते देखा: जब मैंने उसे [वेटिकन को] देखा,... और जो भी पृथ्वी पर रहते हैं, देखेंगे तो आश्चर्य करेंगे, जिनके नाम दुनिया के आधार से जीवन की पुस्तक में नहीं लिखे थे, जब वे उस जंगली जानवर को देखेंगे, जो नहीं था, फिर भी है।" "वह जो जंगली जानवर था" मरने से पहले रोम था और आज शैतान ने अपनी शैतानी आत्मा (स्पिरिट) से रोम को पुनर्जीवित कर दिया है, जो क्लेश अनुपात से बढ़ गया है।

जब मैं उत्पीड़नों और पिछले पचास वर्षों में मेरी चर्च द्वारा झेले गए मुकदमों की बात करता हूँ तो ऐसा मैं शिकायत करने अथवा सहानुभूति पाने के लिए नहीं करता, बल्कि लोगों को दिखाना चाहता हूँ कि रोमन कैथोलिक कल्ट की सभी बुराइयाँ सहना कितना आसान है, क्योंकि ईश्वर ने मुझे एक विज़न दिया है। विज़न के बिना लोगों का विनाश हो जाता है (नीतिवचन 29:18)। जब हमें यीशु के लिए सताया जाता है तो हमें खुश होना चाहिए। मात्र कुछ उत्पीड़नों को ही आपको बताने में कई ग्रंथ (वॉल्यूम) लग जाएँगे। ईश्वर ने मुझ से कहा कि मुझे आध्यात्मिक रूप से उस विशाल ओक वृक्ष से 100 मिलियन गुणा अधिक ताकतवर बनना है जो मेरे द्वारा जनसमूह को यह बताए जाने, कि प्रभु ने मुझे क्या बताया है, के लगभग 15 मिनट बाद मेरी चर्च के बाहर गिर गया।[17] "धन्य हो तुम, जब मनुष्य का पुत्र होने के कारण लोग तुमसे शत्रुता रखेंगे, तुम्हें निकाल देंगे, तुम्हारी निन्दा करेंगे, तुम्हारा नाम बुरा जानकर मिटा देंगे। उस दिन आनन्दित होकर उछलना, क्योंकि देखो तुम्हारे लिए स्वर्ग में बड़ा प्रतिफल है; उनके बाप-दादा पैगम्बरों के साथ ऐसा ही करते थे।" (लूका 6:22-23)।

मैं ईश्वर और दुनिया के सभी प्राणियों के समक्ष आपको बताता हूँ कि लोग जिन्हें यूएफओ कहते हैं वे किसी अन्य ग्रह से नहीं आते, बल्कि वे स्वर्ग से आने वाले स्वर्गदूत हैं। मैं यह बात अपनी आत्मा की कसम खाकर कहता हूँ। जो लोग आपको इनके संबंध में कुछ और बताते हैं वे ईव, बाबुल के लोगों, यू.एन. की तरह शैतान द्वारा छले हुए लोग हैं, वे अपने साथ आप लोगों को भी नरक में ले जाएँगे। मानवता ईश्वर का स्थान न ले सकती है न लेगी। मानवता ऐसा करने में पहले भी विफल रही है और आगे भी विफल रहेगी।

यीशु मसीह ईश्वर का वचन है। (यीशु मसीह के संबंध में) ईश्वर के वचन में विश्वास करो आपका उद्धार हो जाएगा (प्रेरितों के

(पृष्ठ 8 पर जारी)

17 "द ट्री" वाल्यूम 6500 पढ़ें, "द मोस्ट पावरफुल पोजिशन इन द होल यूनिवर्स" वाल्यूम 19700

भारत

क्राइस्ट में प्रिय बंधु,

ईश्वर आपको और आपकी मिनिस्ट्री में क्राइस्ट की पूरी संस्था को आशीर्वाद प्रदान करें। आपके गॉस्पल साहित्य के माध्यम से ईश्वर द्वारा किए जा रहे महान कार्य को नोट करना बहुत सुखद है।

ईश्वर की कृपा से, अपने धार्मिक समूह की मदद से आज हमने आंतरिक आदिवासी गाँव डोंडपुड़ी का गोस्पल दौरा आयोजित किया। हमने यह यात्रा (40 कि.मी.) पानी में नाव से पूरी की, इसमें छत्तीस लोगों ने भाग लिया। ईश्वर ने आपके साहित्य के माध्यम से आंतरिक हिन्दू आदिवासी क्षेत्र में बहुत अच्छा कार्य किया। हमें आशा है कि इससे इस क्षेत्र में कई और खोई हुई आत्माओं की रक्षा होगी।

मैं यहाँ का कार्य दिखाने के लिए यहाँ की तस्वीरें भेज रहा हूँ।

हमारे प्रार्थनाएँ हमारे बंधु टोनी के स्वास्थ्य और उनकी जल्द रिहाई के लिए हैं।

क्राइस्ट में आपका बंधु,
सोलमन राजू कोला
आंध्र प्रदेश, भारत

ब्रदर सोलमन राजू कोला और ईसाई धर्म का प्रचार करने वाली उनकी टीम आंध्र प्रदेश, भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में पास्टर अलामो का साहित्य वितरित करते हुए।

स्कॉट डर्निन्ग की गवाही

जब मेरी आयु 11 या 12 वर्ष की थी तो आध्यात्मिक जगत से मेरे अनुभव बहुत अधिक ख़राब रहे थे जिन्हें दोहराना अच्छा नहीं था। कई साल बाद मैं लॉस एंजिल्स आ गया और मैंने एलएसडी लेना शुरू किया। कुछ वर्षों तक वास्तविकता से मेरा संपर्क कट गया। मेरा सचमुच मानना है कि मैं मर गया था, मैं विभिन्न एलएसडी ट्रिप्स से जीवनकाल के बीच जी रहा था।

एक दिन ईश्वर कृपा से मैं किसी के अपार्टमेंट में टीवी देख रहा था। मैं ऊब गया था, इसलिए मैंने इसे बंद कर दिया। मैंने तीसरी मंज़िल की बे विंडो से बाहर देखा और मुझे ईश्वर की तरफ़ से एक विज़न प्राप्त हुआ। जब मैं लगभग 11 साल का था तो मैं क्लीवलैंड, ओहियो (जहाँ से मैं हूँ) के एक मकान के सामने के लॉन में खड़ा होकर स्वयं को देखा। मैंने अपनी मौजूदा आयु से काफ़ी तेज़ी से अपनी उम्र को बढ़ते देखा (लगभग 10 सेकण्ड तक) और मैं अगले अपार्टमेंट बिल्डिंग के सामने के लॉन में खड़ा था। इससे पहले कि मैं समझ पाता कि यह क्या हो रहा है, ईश्वर ने मुझसे बात की। ईश्वर ने कहा, "ईश्वर ने सूर्य की रचना की; चन्द्रमा की रचना की; पृथ्वी की रचना की; तारों की रचना की; घास की रचना की; और ईश्वर ने ही घास उगाया।" मैं आश्चर्यचकित था। मैंने ज़ोर से कहा, "यह वही सूर्य है; यह वही पृथ्वी है; और मैं भी वही हूँ। मैं बड़ा हो गया हूँ और मस्त हो गया हूँ।"

इससे मैं एक कार्य में लग गया, रात को गलियों में चलते हुए ईश्वर से बात करने लगा। इस दौरान ईश्वर ने दो बार मेरी कल्पना से बाहर मुझे डराया क्योंकि मैं अभी भी पाप कर रहा था। एक दिन निराशा में मैं हॉलीवुड, कैलीफोर्निया में टोनी अलेमो चर्च में चला गया। मैं उनकी सर्विस में कभी नहीं गया था क्योंकि यह "मुख्यधारा" की चर्च नहीं थी। रात के लगभग 11:30 बजे थे, टोनी अलेमो वहाँ थे। टोनी मेरे सामने आए और कहा, "आपको यहीं रुकना चाहिए।" इसलिए मैं वहाँ रुक गया। अगली रात सर्विस में पास्टर टोनी अलेमो और सुसान अलेमो मौजूद थे। टोनी ने इस बारे में अपना पूरा साक्ष्य दिया कि ईश्वर ने उनसे कैसे बात की। मैंने पहले कभी नहीं सुना था कि यीशु मसीह का रक्त पापों से छुटकारे के लिए है। मैने पवित्र आत्मा को बहुत मज़बूती से महसूस किया। उस रात मेरे सहित 30 लोगों की रक्षा हुई। मैं प्रार्थना कक्ष में गया और मैंने पवित्र आत्मा का बपतिस्मा किया। मैं जानता था कि मैं सही जगह पहुँच गया हूँ। यह 11 मई, 1970 की बात है।

ठीक 1½ वर्ष बाद मैंने टोनी अलेमो को पत्र लिखा क्योंकि मुझे समस्याएँ हो रहीं थीं। उस रात लगभग 2 बजे एक बंधु ने मुझे बताया कि टोनी अलेमो फोन पर हैं और मुझ से बात करना चाहते हैं। मैं सगस, कैलिफोर्निया में अपनी चर्च में था। मैंने फोन उठाया और कहा, "हैलो, मैं स्कॉट बोल रहा हूँ।" कोई कुछ नहीं बोला। मैंने फिर से अपनी बात दोहराई। "हैलो, मैं स्कॉट बोल रहा हूँ।" उसके बाद मुझे टोनी अलेमो की आवाज़ सुनाई दी - "ईश्वर ने सूर्य की रचना की; चन्द्रमा की रचना की; पृथ्वी की रचना की; तारों की रचना की; घास की रचना की; और ईश्वर ने ही घास को उगाया।" मैंने अपने चारों ओर एक बहुत बड़ी दीवार की तरह पवित्र आत्मा महसूस की। उसके बाद लगभग 45 मिनट तक टोनी अलेमो ने मुझे उपदेश दिया। मैंने कभी किसी को नहीं बताया कि ईश्वर ने मुझसे बात की है न ही यह कि ईश्वर ने मुझ से क्या कहा था।

वर्षों से, पास्टर अलामो जो गॉस्पल साहित्य लिख रहे हैं उसमें, और चर्चों को दिए जाने वाले संदेशों में पवित्र आत्मा समाविष्ट होती रही है। टोनी और सुसान अलामो ने मिनिस्ट्री के लोगों के रहने की सुविधा के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका के विभिन्न भागों में सचमुच "शहर" बनाए हैं। उनकी गॉस्पल पुस्तकें (टैक्स्ट्स) लोगों की आवश्यकता अनुसार 200 अलग-अलग देशों को डाक से भेजी गई हैं। मैं ईश्वर का धन्यवाद करता हूँ कि मेरी रक्षा हो गई और मुझे इस मिनिस्ट्री में रहने का सौभाग्य मिला है।

म्यांमार

प्रिय टोनी अलेमो,

हमारे प्रभु और रक्षक यीशु मसीह के नाम में आपको म्यांमार से हार्दिक अभिनन्दन। मैं दृढ़तापूर्वक प्रार्थना करता हूँ कि चीज़ें आपके पक्ष में होंगी।

वर्ष 2002 से रॉड और स्टाफ म्यांमार में चर्च बनाने, इंजीलवाद, चिकित्सा देखरेख, राहत कार्य, शिक्षा, सामुदायिक विकास, बाल देखरेख/अनाथालय कार्यक्रम, ईश्वर में विश्वास करने वालों और न करने वालों के लिए साहित्य का उत्पादन और वितरण करने के कार्य में लगे हैं। हमारा प्रयास म्यांमार के आदिवासी समूह के अभी तक न पहुँचे लोगों तक पहुँचने का है, ईश्वर में विश्वास न करने वालों को साहित्य, पुस्तिकाएँ, और बाइबल देकर, व्यक्तिगत तौर पर, छोटे समूहों और मिनिस्ट्री सभाओं में बाइबल को पढ़ाना, ईसाई साहित्य का अनुवाद करवाना और उसका मुद्रण करवाना है। हमने क्राइस्ट के लोगों तक पहुँचने और नई चर्च बनाने के लिए हम इसे अपने प्रयासों का सक्रिय भाग बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

मैं आपकी पुस्तक, द मसीह अकार्डिंग टु बाईबिल प्राफेसि *(The Messiah According to Bible Prophecy)* पढ़कर प्रेरित हुआ और मुझे आशीर्वाद प्राप्त हुआ। तब से मेरी इसे बर्मी, हक्का-चिन, और मिजो (म्यांमार की आदिवासी भाषाएँ) में अनुवाद करने की प्रबल इच्छा है। क्योंकि यह पुस्तक शक्तिशाली और भावपूर्ण है और मेरा विश्वास है कि इससे हमारे लोगों पर आशीर्वाद की बौछार होगी। म्यांमार में ईसाई साहित्य बहुत कम मिलता है, गॉस्पल का वितरण करने से संबंधित लोगों ने इसका अनुवाद किया, प्रिंटिंग कराई और इसका नि:शुल्क वितरण किया। यह साहित्य बेहद प्रभावशाली और फलदायक है। यहाँ केवल चार प्रतिशत लोग ही आस्तिक हैं और काफ़ी क्षेत्र अभी भी अंधकार में हैं। हमारी प्रार्थना है कि हम आपके लेखों से काफ़ी आत्माओं को यीशु के चरणों तक ले आएँ। मेरा पक्के तौर पर मानना है कि इससे उनके दिल की प्यास बुझेगी। (हक्का-चिन और मिज़ो आदिवासी लोग हैं जो पश्चिमी पहाड़ी क्षेत्र में रहते हैं। वे अपनी बोलियाँ बोलते हैं, इनमें से अधिकतर बर्मी नहीं पढ़ते। यदि आप हमारे पुस्तकालय के लिए और अधिक सामग्री भेजें तो हमें बहुत अधिक ख़ुशी होगी।

म्यांमार में आपकी मिनिस्ट्री का विस्तार करने की हमारी बहुत इच्छा है। हम उसके (ईश्वर) लिए आपके साथ कार्य करने को तैयार हैं और हमारे देश में आपकी मिनिस्ट्री का विस्तार करने के लिए आपको आमंत्रित करते हैं। यदि आपके पास समय है तो इस राज्य में आपको म्यांमार का दौरा करने के लिए आमंत्रित करते हैं।

मैं आपका उत्तर जानने के लिए उत्सुक हूँ। ईश्वर आपको आशीर्वाद दें।

आपकी सेवा में,
रेवरेंड बावी एच. थांग, डायरेक्टर
रॉड एण्ड स्टॉफ मिनिस्ट्रीज
यंगून, म्यांमार

http://beforeitsnews.com/celebrities/2014/07/pope-francis-found-guilty-of-child-trafficking-rape-murder-2465728.html

पोप फ्रांसिस बच्चों के अवैध व्यापार, बलात्कार, हत्या के दोषी पाए गए

रविवार, 20 जुलाई, 2014 7:28
जूडी बाइंगटन द्वारा

कल प्रतिवादी पोप फ्रांसिस बर्गोगलिया, कैथोलिक जेसुइट सुपीरियर जनरल एडोल्फो पाचों और कैंटरबरी के आर्कबिशप जस्टिन वेलबी बच्चों के बलात्कार, अत्याचार, हत्या और तस्करी के दोषी पाए गए हैं। ब्रसेल्स के इंटरनेशनल कॉमन लॉ कोर्ट ऑफ जस्टिस के पाँच न्यायाधीशों ने निर्धारित किया कि ये अपराध 2010 के दौरान घटित हुए हैं।

पिछले मार्च से अब तक 48 प्रत्यक्षदर्शी दी नाइन्थ सर्कल सेटैनिक चाइल्ड सैक्रफाइस कल्ट के सदस्य के रूप में प्रतिवादी की गतिविधियों के बारे में गवाही देने के लिए इस आईसीएलसीजे (ICLCJ) न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत हो चुके हैं।

दी नाइन्थ सर्कल सेटैनिक कल्ट मॉन्ट्रियल, न्यूयॉर्क, रोम, स्कॉटलैंड, लंदन की रोमन कैथोलिक चर्चों में, वेल्स में कार्नार्वन कैसल में, हॉलैंड में एक अज्ञात फ्रेंच शैटो (किले) में और कामलूप्स, ब्रिटिश कोलंबिया और ब्रैंटफोर्ड, ओंटारियो कनाडा में रोमन कैथोलिक और एंग्लिकन इंडियन रेज़िडेंसियल स्कूलों में बच्चों का बलिदान देता था। दी नाइन्थ सर्कल सेटैनिक चाइल्ड सैक्रफाइस कल्ट यूरोप के शाही परिवारों के सदस्यों सहित विश्वभर के उच्च वर्ग के लिए "ह्यूमन हंटिंग पार्टीज़" के रूप में अमेरिका, कनाडा, फ्रांस और हॉलैंड में निजी स्वामित्व वाले वनों का उपयोग करता था। माफ़िया द्वारा बच्चे उपलब्ध कराए जाते, उन बच्चों को नंगा किया जाता, उनके साथ बलात्कार किया जाता, उनका शिकार किया जाता और उन्हें मार दिया जाता था। मुख्य अभियोजक (चीफ प्रॉसीक्यूटर) ने कहा, "कैथोलिक चर्च विश्व का सबसे बड़ा कार्पोरेशन है और इसका दुनियाभर के माफ़िया, सरकारों, पुलिस और न्यायालयों के साथ गठज़ोड़ है।"

दो किशोर महिलाओं ने आईसीएलसीजे (ICLCJ) न्यायालय को बताया कि बाल बलिदान में भाग लेने के दौरान पोप फ्रांसिस ने उनके साथ बलात्कार किया। आठ अन्य प्रत्यक्षदर्शियों ने बलात्कार और बच्चों की बलि के आरोपों की पुष्टि करते हुए गवाही दी। कहा जाता है कि दी नाइन्थ सर्कल सेटैनिक कल्ट हॉलैंड और बेल्जियम के ग्रामीण इलाकों में 2009 और 2010 की वसन्त ऋतु के दौरान आयोजित हुआ था।

वेटिकन अभिलेखागार (आर्काइव्ज़) से मिले एक सीलबंद दस्तावेज़ के अनुसार पोप फ्रांसिस अर्जेंटीना पादरी और बिशप के रूप में कार्य करते हुए बच्चों की शैतानी बलि दिए जाने के अपराधी पाए गए। कहा जाता है कि दिनांक 25 दिसंबर, 1967 के अन्य रिकार्ड, जिसे मैजिस्टीरीयल प्रिविलिज कहा जाता है, में कहा गया है कि प्रत्येक नए पोप को नाइन्थ सर्कल सेटैनिक कल्ट की बच्चों की बलि देने और बच्चों का खून पीने की प्रथा में शामिल होना पड़ता था। एक प्रमुख वेटिकन अधिकारी और एक पूर्व वेटिकन क्युरीया कर्मचारी ने इन दस्तावेज़ों को आईसीएलसीजे (ICLCJ) न्यायालय को सौंपा था।

पिछले महीने एक आयरिश गार्ड पुलिस फोर्स के जाँचकर्ता ने पाँच न्यायाधीशों और 27 जूरी सदस्यों के समक्ष गवाही दी कि आयरिश रोमन कैथोलिक नन सेप्टिक टैंक में लगभग 796 बच्चों की हड्डियों पर निशान पाए गए जो दर्शाते हैं कि उन्हें किसी प्रथा के तहत मारा गया। गवाह ने प्रमाणित किया कि फोरेंसिक विशेषज्ञों ने पुष्टि की थी कि बच्चों का क़त्ल और अनके अंगों को काटने का तरीका दर्शाता है कि किसी कर्मकांड अथवा बलि के लिए बच्चों की हत्या की गई।

बीबीसी की एक डॉक्यूमेंटरी ने स्पेन में कैथोलिक चर्च द्वारा किए जा रहे बच्चों के अवैध व्यापार का पचास साल पुराना घोटाला उजागर किया है। 1990 के दशक तक माता-पिता से उनके 300,000 से अधिक बच्चों को चुराया गया था। माताओं को बताया गया कि उनके बच्चों की मृत्यु हो गई और उन्हें सामूहिक कब्र में दफ़ना दिया गया है। बताया जाता है कि कैथोलिक चर्च ने बच्चों को गोद लेने-देने के काम में 20 अरब डॉलर कमाए।

एक और गवाह ने गवाही दी कि वह अर्जेंटीना के 1970 के दशक के डर्टी वार के दौरान पोप फ्रांसिस और सैन्य शासकों की बैठकों में मौजूद था। गवाह के अनुसार, पोप फ्रांसिस ने लापता राजनीतिक कैदियों के 30,000 बच्चों के अवैध व्यापार में वेटिकन के एक कार्यालय द्वारा चलाए जा रहे एक अंतर्राष्ट्रीय बाल शोषण गिरोह की मदद की थी।

एबीसी न्यूज़ स्पेशल में संकेत दिया गया कि शैतान वेटिकन में बसता है। आईसीएलसीजे (ICLCJ) न्यायालय के प्रमुख अभियोजक ने पाँच अंतर्राष्ट्रीय न्यायधीशों और 27 जूरी सदस्यों को बताया, "न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए गए वेटिकन के गुप्त अभिलेखागार दस्तावेज़ दर्शाते हैं कि जेसुइट की अपहरण किए गए नवज़ात शिशुओं की कर्मकांड के लिए हत्या करने और उनका ख़ून पीने की एक पूर्वनियोजित योजना रही है।" "यह योजना एक विकृत धारणा की वजह से

जन्मी थी जिसमें मासूमों के रक्त से आध्यात्मिक शक्ति प्राप्त करने की धारणा थी, जिससे कि रोम में पोप की राजनीतिक स्थिरता सुनिश्चित हो सके। ये कृत्य न केवल नरसंहार हैं बल्कि इनकी प्रकृति प्रणालीगत और संस्थागत है। कम से कम 1773 के बाद से, ऐसा लगता है कि रोमन कैथोलिक चर्च, जेसुइट और प्रत्येक पोप इन कृत्यों को करते आ रहे हैं।"

आईसीएलसीजे (ICLCJ) न्यायालय में सामने आए अपराध के संभावित मामलों में शामिल अन्य लोगों की जाँच करने और उन पर मुकदमा चलाने के लिए एक सतत और स्थायी जाँच बिठाई गई। 1 सितंबर 2014 को परमानेंट कमीशन इनटू चाइल्ड ट्रैफिकिंग एण्ड रिटुअल सैक्रफाइस नामक जांच शुरू की गई। आगे मुकदमेबाज़ी चलने की संभावना थी।

48 चश्मदीद गवाहों में कैथोलिक पोप फ्रांसिस बर्गोगलियो, जॉन पॉल द्वितीय और जोसफ रेटिंज़र; ऐंगग्लकन, यूनाइटिड चर्च ऑफ कनाडा और कैथोलिक चर्च के अधिकारी जिनमें कार्डिनल्स और कैथोलिक जेसुइट सुपीरियर जनरल एडोल्फो पाचों; ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ और प्रिंस फिलिप, कैंटरबरी जस्टिन वेलबे के ऐंगग्लकन आर्कबिशप और हाईकोर्ट के जस्टिस जज फुलफोर्ड; नीदरलैंड के: डच क्राउन प्रिंस अलफ्रेंक बर्नहार्ड, किंग हैंड्रिक, हॉलैंड की रानी विलहेलमिना का पति, रानी बीट्रिक्स, उनके पिता और वायसराय, प्रिंस जॉन फरिसो और उनकी पत्नी माबेल विसी स्मित, पूर्व मंत्री, डच आर्मी फोर्स के शीर्ष व्यक्ति और रॉड वैन स्टेट के अंडर सेक्रेटरी सहित डच और बेल्जियम के कार्डिनल्स और रॉयल्स; अमेरिका के सीआईए सहित कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और अमेरिका के सैन्य अधिकारी; अमेरिका, बेल्जियम, हॉलैंड, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, आयरलैंड और ब्रिटेन के प्रमुख सरकारी मंत्री, नयायाधीश, राजनीतिज्ञ और कारोबारी शामिल हैं।

पीपल वर्सेज बर्गोगलिया व अन्य के मामले में 19 जुलाई, 2014 को गिरफ़्तारी वारंट जारी किया गया। कल की आईटीसीसीएस (ITCCS) प्रेस विज्ञप्ति अनुसार अभी न्यायालय के रिकार्ड सीलबंद रहेंगे। पहले आईटीसीसीएस (ITCCS) न्यायालय ने कनाडा के 50,000 बच्चों को गायब हुआ माना। न्यायालय ने 20 फरवरी, 2013 को महारानी एलिजाबेथ सहित 40 वैश्विक हस्तियों को अपराधी माना।

कैनेडियन और मुख्यत: कैथोलिक स्वामित्व वाले आवासीय विद्यालयों से 50,000 देशी बच्चे गायब हो गए। कनाडा में 80 देशी आवासीय स्कूलों में बच्चों के 34 से अधिक सामूहिक कब्रिस्तानों का पता चला है। वर्ष 2008 से महारानी एलिजाबेथ और कैनेडियन सरकार ने आईटीसीसीएस (ITCCS) के खुदाई के अनुरोध को बार-बार ठुकराया।

मलावी

प्रिय पास्टर अलामो,

रोमन कैथोलिक चर्च आमतौर पर जो कुछ कर रहा है उसके बारे में ताज़ा जानकारी भेजने के लिए आपका धन्यवाद। आपको यह बताना चाहता हूँ कि आपके संदेशों को पढ़ने के बाद हमसे जुड़ने वाले अधिकतर सदस्य रोमन कैथोलिक चर्च से हैं। कृपया दुनिया को असलियत से अवगत कराना जारी रखें।

इनोसेंट मतमबो — चितिपा, मलावी

संभावित कारण आश्चर्यजनक नहीं था। महारानी एलिजाबेथ और प्रिंस फिलिप को कामलूप्स के आवासीय स्कूल से दस स्थानीय बच्चों के लापता होने के मामले में 10 अक्टूबर, 1964 को दोषी करार दिया गया। तब से अब तक माता-पिताओं ने अपने बच्चों को नहीं देखा। मुकदमेबाज़ी की वजह से पोप रेटिंजर को इस्तीफ़ा देना पड़ा। इन मामलों के प्रमाण केविन एनेट के "Hidden No Longer" में देखे जा सकते हैं।

आईसीएलसीजे (ICLCJ) अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय के 13 देशों में 450 से अधिक कॉमन लॉ पीस ऑफिसर हैं और 51 स्थानीय चार्टर्ड समूह कार्यरत हैं। आवेदन करने के इच्छुक कॉमन लॉ समूहों के लिए आयोजन धन उपलब्ध है। ब्रसेल्स में आईटीसीसीएस (ITCCS), आईसीएलसीजे (ICLCJ) न्यायालय, इसके स्थानीय सहयोगियों अथवा वालंटियरों से संपर्क करने के लिए itccscentral@gmail.com, hiddenfromhistory1@gmail.com, पर ईमेल करें अथवा 386-323-5774 (अमेरिका) या 250-591-4573 (कनाडा) पर फोन करें।

लेखिका के बारे में

जूडी बाइंगटन, एमएसडब्ल्यू, एलसीएसडब्ल्यू, सेवानिवृत्त, "ट्वेन्टी टू फेसिज: इनसाइड द एक्स्ट्राऑर्डनरी लाइफ ऑफ जेनी हिल एण्ड हर ट्वेन्टी टू मल्टीपल पर्सनैलिटीज" (www.22faces.com) की लेखिका हैं, वे सेवानिवृत्त थेरपिस्ट, पब्लिक स्पीकर, कार्यकर्ता और खोजी पत्रकार हैं, बच्चों के शोषण से संबंधित अंतर्राष्ट्रीय गिरोहों के संबंध में उनके लेखों को सैंकड़ों ब्लॉग और वेबसाइट में उद्धृत किया जाता है। अलबर्टा मेंटल हैल्थ की सुपरवाइज़र और प्रोवो फैमली काउंसलिंग सेंटर, चाइल्ड अब्यूज रिकवरी एण्ड स्पीकर्स ब्यूरो (www.ChildAbuseRecovery.com) की डायरेक्टर हैं। यदि आपके पास बच्चों के शोषण संबंधी कोई जानकारी है तो कृपया info@22faces.com पर जूडी को ईमेल करें। आप http://www.change.org/petitions/us-congress-survivors-request-investigation-cia-mind-control-of-children पर क्लिक करके बच्चों के लिए सीआईए माइंड कंट्रोल की जाँच के लिए हमारी कांग्रेस याचिका पर हस्ताक्षर करने के लिए आमंत्रित हैं।

आइवरी कोस्ट

प्रिय पास्टर नमस्कार।

मैं पास्टर गोमा गेब लेवी हूँ। हमने आइवरी कोस्ट में काफ़ी परिवारों के लिए स्वर्ग के साम्राज्य के दरवाज़े इसलिए बंद कर दिए हैं कि बहु-विवाह करने वाले लोग ईश्वर के साम्राज्य में प्रवेश नहीं कर सकते।

बहु-विवाह प्रथा के बारे में आपका प्रकाशन पढ़ने और बाइबल में तुलना के बाद, मैं आपकी ओर आ रहा हूँ। अब मैं इस दरवाज़े को एक बहुत बड़े तरीके से खोल रहा हूँ। सभी दया के स्वामी ईश्वर हमें माफ़ करें।

इसके अलावा, मैं इस विषय पर कुछ और प्रकाशनों और "Mary's Other Children." की माँग कर रहा हूँ। मैं जिन प्रचारकों को पढ़ा रहा हूँ मुझे उनके लिए The Messiah पुस्तक की दस प्रतियों की ज़रूरत है।

भ्रातृभाव से,

पास्टर लेवी — आबिदजान, आइवरी कोस्ट

ईश्वर को उखाड़ फेंकने के तीन असफल प्रयास

(पृष्ठ 4 से जारी)

काम 16:31)। यीशु मसीह, ईश्वर के वचन को स्वीकार करने के लिए यह प्रार्थना करें:

मेरे मालिक और मेरे ईश्वर मेरी पापी आत्मा पर दया करो।[18] मैं मानता हूँ कि यीशु जीवित ईश्वर के पुत्र हैं।[19] मैं मानता हूँ कि वे क्रॉस पर मारे गए और उन्होंने अपना बहुमूल्य रक्त मुझे मेरे पिछले सभी पापों से क्षमा करने के लिए बहाया है।[20] मैं मानता हूँ कि ईश्वर ने यीशु को प्रवित्र आत्मा की शक्ति द्वारा जीवित किया है[21] और वे मेरे पापों की स्वीकारोक्ति को सुनने और इस प्रार्थना को सुनने के लिए ईश्वर के दाईं ओर बैठे हैं।[22] हे प्रभु यीशु मैं अपने दिल के दरवाज़े खोलता हूँ और आपको अपने दिल में आमंत्रित करता हूँ।[23] कैलवरी में क्रॉस पर आपने मेरी जगह जो बहुमूल्य ख़ून बहाया था उससे मेरे सभी कुत्सित पापों को धो दो।[24] प्रभु यीशु आप मुझे इनकार नहीं कर सकते; आप मेरे पापों के लिए मुझे माफ़ कर देंगे और मेरी आत्मा की रक्षा करेंगे। मुझे मालूम है क्योंकि आपके वचन अर्थात् बाइबल में ऐसा कहा गया है।[25] आपके वचन कहते हैं कि आप किसी को मना नहीं करेंगे और उनमें मैं भी शामिल हूँ।[26] इसलिए, मैं जानता हूँ कि आपने मेरी बात सुन ली है, और मैं यह भी जानता हूँ कि आपने मुझे जवाब भी दिया है और मुझे यह भी मालूम है कि मुझे बचा लिया गया है।[27] और मेरी आत्मा की रक्षा करने के लिए प्रभु यीशु मैं आपका धन्यवाद करता हूँ, और मैं आपके आदेशानुसार तथा आगे से कोई पाप न करके आपके प्रति कृतज्ञता प्रकट करूँगा।[28]

मोक्ष के बाद, यीशु ने कहा, बपतिस्मा करें, तथा पिता और पुत्र, पवित्र आत्मा के नाम पर पूरी तरह से पानी में गोता लगाएँ।[29] बाईबल सोसाइटी ऑफ़ इंडिया द्वारा प्रकाशित बाइबल (10W 0055/2004/17M PL) (अंग्रेज़ी – किंग जेम्स संस्करण) का अध्ययन करें, और अपने मृत्यु के दिन तक वही करें जो कुछ बाइबल में कहा गया है।[30]

प्रभु चाहते हैं कि आप अन्य लोगों को मोक्ष के बारे में बताएँ (मरकुस 16:15)। आप पास्टर टोनी अलेमो के गॉस्पल साहित्य के वितरक बन सकते हैं। हम यह साहित्य आपके पास नि:शुल्क भेजेंगे। अधिक जानकारी के लिए हमें कॉल करें अथवा ईमेल करें। इस संदेश को किसी और के साथ साझा करें।

यदि आप यीशु की आज्ञाओं के अनुसार दुनिया को बचाना चाहते हैं, तो ईश्वर को अपना दशमांश और प्रसाद अर्पित करें। ईश्वर ने कहा है, "क्या कोई आदमी ईश्वर को लूट सकता है? फिर भी तुमने मुझे लूटा है। लेकिन तुम कहते हो हमने आपको कब लूटा? क्या दशमांश और प्रसाद में? तुम एक अभिशाप से अभिशप्त हो: क्योंकि तुमने मुझे लूटा है, यहाँ तक कि इस पूरे राष्ट्र [और इस पूरी दुनिया] को लूटा है। तुम अपना सभी दशमांश [एक 'दशमांश' का अर्थ है आपकी सकल आय का 10%] स्टोरहाउस में लेकर आओ, मेरे घर में मांस [आध्यात्मिक आहार] हो सकता है [रक्षित आत्माएँ], और मेज़बानों के लॉर्ड कहते हैं कि अभी सिद्ध करो, यदि मैं आपके लिए स्वर्ग की खिड़की न खोल दूँ और आप पर इतने आशीर्वाद न बरसा दूँ कि आपके पास इसे धारण करने का स्थान भी न हो। मेज़बानों के लॉर्ड कहते हैं कि मैं आपकी भलाई के लिए भक्षक को फटकार लगा दूँगा, वह आपकी ज़मीन के फलों को नष्ट नहीं करेगा; न ही आपकी बेल पर समय से पहले फल लगेंगे। मेज़बानों के प्रभु कहते हैं कि सभी राष्ट्र आपको धन्य कहेंगे: क्योंकि तुम्हारी ज़मीन ख़ुशहाल होगी" (मलाकी 3:8-12)।

---

18 भजन संहिता 51:5, रोमियों 3:10-12, 23 **19** मत्ती 26:63-64, 27:54, लूका 1:30-33, युहन्ना 9:35-37, रोमियों 1:3-4 **20** प्रेरितों के काम 4:12, 20:28, रोमियों 3:25, 1 युहन्ना 1:7, प्रकाशितवाक्य 5:9 **21** भजन संहिता 16:9-10, मत्ती 28:5-7, मरकुस 16:9, 12, 14, युहन्ना 2:19, 21, 10:17-18, 11:25, प्रेरितों के काम 2:24, 3:15, रोमियों 8:11, 1 कुरिन्थियों 15:3-7 **22** लूका 22:69, प्रेरितों के काम 2:25-36, इब्रानियों 10:12-13 **23** 1 कुरिन्थियों 3:16, प्रकाशितवाक्य 3:20 **24** इफिसियों 2:13-22, इब्रानियों 9:22, 13:12, 20-21, 1 युहन्ना 1:7, प्रकाशितवाक्य 1:5, 7:14 **25** मत्ती 26:28, प्रेरितों के काम 2:21, 4:12, इफिसियों 1:7, कुलुस्सियों 1:14 **26** मत्ती 21:22, युहन्ना 6:35, 37-40, रोमियों 10:13 **27** इब्रानियों 11:6 **28** युहन्ना 5:14, 8:11, रोमियों 6:4, 1 कुरिन्थियों 15:10, प्रकाशितवाक्य 7:14, 22:14 **29** मत्ती 28:18-20, युहन्ना 3:5, प्रेरितों के काम 2:38, 19:3-5 **30** व्यवस्थाविवरण 4:29, 13:4, 26:16, यहोशू 1:8, 22:5, 2 टिमोथी 2:15, 3:14-17, याकूब 1:22-25, प्रकाशितवाक्य 3:18

अधिक जानकारी के लिए अथवा रूचि के विषय के अन्य साहित्य के लिए कृपया हमसे संपर्क करें।

Tony Alamo, World Pastor, Tony Alamo Christian Ministries Worldwide • P.O. Box 2948, Hollywood, CA 90078

चौबीस घंटे की प्रार्थना और सूचना की लाइनः (661) 252-5686 • Fax (661) 252-4362

www.alamoministries.com • info@alamoministries.com

टोनी अलामो क्रिश्चियन मिनिस्ट्रीज वर्ल्डवाइड उन सभी के लिए अपने अमेरिकी स्थानों पर एक ऐसी जगह उपलब्ध कराता है जहाँ जीने के लिए सभी आवश्यक वस्तुएँ उपलब्ध हैं जो अपने संपूर्ण हृदय, आत्मा, मन और शक्ति के साथ प्रभु की सेवा करना चाहते हैं।

प्रतिदिन सायं 8 बजे और रविवार दोपहर 3 बजे एवं सायं 8 बजे इन स्थानों पर सेवाएं होती हैं: Angeles area Church: 13136 Sierra Hwy., Santa Clarita, CA 91390, (661) 251-9424

प्रतिदिन सायं 6:30 बजे और रविवार दोपहर 1:30 बजे तथा सायं 6:30 बजे Hollywood Blvd. & Highland Ave., Hollywood, CA से आने-जाने की नि:शुल्क यातायात सेवा मुहैया कराई जाती है। न्यू यार्क सिटी में प्रत्येक मंगलवार सायं 8 बजे और अन्य स्थानों पर सेवाएं रात को होती हैं। सूचना के लिए कृपया (908) 937-5723 कॉल करें। प्रत्येक सेवा के बाद भोजन परोसा जाता है।

पास्टर अलामो की पुस्तक, दी मसीहा, माँगें जिसमें क्राइस्ट को ओल्ड टेस्टामेंट से 333 से अधिक भविष्यवाणियों में प्रकट किया गया है।

पास्टर अलामो के साहित्य के वितरक बनकर आत्माओं की खेती में एक श्रमिक का काम करें।

हमारे साहित्य और ऑडियो संदेश शिपिंग शुल्क सहित नि:शुल्क हैं।

इस साहित्य में मोक्ष की असली जानकारी दी गई है (एक्ट्स सी 4:12)।

इसे फेंके नहीं, इसे किसी और को दे दें।

आप में से जो अन्य देशों में रहते हैं, हम आपसे इस साहित्य को अपनी भाषा में अनुवादित करने का अनुरोध करते हैं। यदि आप इसका पुन:मुद्रण करते हैं तो कृपया निम्नलिखित कॉपीराइट और पंजीकरण शामिल करें:

© कॉपीराइट अगस्त 2014, 2015 सर्वाधिकार सुरक्षित वर्ल्ड पास्टर टोनी अलामो ® पंजीकृत अगस्त 2014, 2015

HINDI—VOLUME 20100—THREE UNSUCCESSFUL ATTEMPTS TO OVERTHROW GOD